दिवाली मेला आज से शुरू

मेले की तैयारियों का डीएम और नगर आयुक्त ने लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

शाहजहांपुर। जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर लगने वाला दीपावली मेला बृहस्पतिवार से खिरनीबाग के जीआईसी खेल (रामलीला) मैदान में लगेगा। दिवाली मेला तीन नवंबर तक चलेगा, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। डीएम इंद्र विक्रम सिंह और नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बुधवार को मेले की तैयारियों का जायजा लिया।

डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मेले का मकसद शहर के छोटे वेंडर जैसे ठेले और फड़ वालों को प्रोत्साहित करना है। दीपावली पर लगने वाले मेले में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बॉलीवुड के कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। मेले में शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए अलग-अलग विभागों द्वारा मेले में स्टॉल लगाए जाएंगे। बच्चों के मनोरंजन को झूले लगेंगे। बताया कि दीपावली मेले में शहरी समृद्धि उत्सव के साथ केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को आय का साधन अर्जित करने का मौका दिया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 30 व 31 अक्तूबर को सांस्कृतिक विभाग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही मैजिक शो, कठपुतली शो होंगे।